गुजरात में रेलवे स्टेशनों पर विश्राम गृह/स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं

4000. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात में कुछ रेलवे स्टेशनों पर विश्राम गृह और प्राथमिक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे स्टेशनों के डिविजनवार नाम क्या है;

(ग) इस राज्य में उन स्टेशनों के नाम क्या है जहां ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है; और

(घ) सरकार सभी स्टेशनों पर विश्राम गृह और प्राथमिक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ): (क) जी, हाँ।

(ख) और (ग) गुजरात राज्य में जिन स्टेशनों पर विश्राम कक्षों की सुविधा उपलब्ध है उनके मण्डलवार नाम इस प्रकार है:

बंबई मंडल	—	सूरत, वलसाड
बड़ौदरा मंडल	—	गोधरा, बड़ोदरा, अहमदाबाद, आणन्द, अंकलेश्वर, वीरमगांव भरूच।
अजमेर मंडल	—	गांधीधाम, पालनपुर, भुज
राजकोट मंडल	—	द्वारका, जामनगर, मेहसाना, ओखी, राजकोट, सुरेन्द्रनगर
भावनगर मंडल	—	भावनगर, गांधीग्राम, जूनागढ़, पोरबन्दर, वेरावल।

अन्य स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। यात्रियों को आपातकाल में प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान करने के लिए सभी रेलवे स्टेशनों पर प्राथमिक उपचार कक्षों की व्यवस्था की गई है।

(घ) मौजूदा नीति के अनुसार विश्राम कक्षों की व्यवस्था केवल उन्हीं स्टेशनों पर की जाती है, जहां इस सुविधा के लिए पर्याप्त मांग हो, तथा कम से कम 40% अनुपात में स्थान ग्रहण के आवश्यकता सहित मरम्मत तथा अनुरक्षण आदि पर हुए वार्षिक आवर्ती खर्च की पूर्ति करने के बाद निदेशित पूंजी पर लगभग 6% का उपयुक्त प्रतिफल सुनिश्चित किया जाता है। इस समय गुजरात में किसी अन्य स्टेशन पर इस सुविधा की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

गांधीनगर स्टेशन को नई दिल्ली के साथ सीधा जोड़ा जाना

4001. **श्रीमती आनन्दीबेन नेत्राभाई पटेल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या सरकार गांधी नगर स्टेशन को नई दिल्ली से वाया अहमदाबाद दिल्ली (वरास्ता मेहसाना) लाईन से सीधा जोड़ने पर कोई विचार कर रही है; (ख) यदि हां, तो इस संबंध में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है; और (ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस मामले पर कब तक विचार किया जाएगा?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ): (क) जी, हाँ।

(ख) और (ग) कलोलआदरज मोटी (7.64 कि.मी.) का आमान परिवर्तन तथा आदरज मोटी से गांधी नगर (8 कि.मी.) तक नई लाइन का निर्माण करके गांधीनगर को दिल्ली अहमदाबाद मार्ग पर लाने के लिए सर्वेक्षण किया गया है। आगे की कार्रवाई सर्वेक्षण के परिणामों तथा आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी।

छोटा उदयपुरप्रतापनगर रेल लाईन का बन्द होना

4002. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीनचार वर्षों से गुजरात में बोडेली रेलवे स्टेशन से आगे दो नदियों पर बने पुलों के टूट जाने से छोटा उदयपुरप्रतापनगर रेल लाईन यातायात के लिये बन्द है;

(ख) यदि हां, तो इन पुलों की मरम्मत न किये जाने और उन्हें यातायात के लिए न खोले जाने के क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार इस रेल लाईन को यातायात के लिए खोलने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक?

रेल मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ: (क) जी, हां।

(ख) भारी लागत अंतर्निहित होने, वैकल्पिक सड़क परिवहन सेवाओं की उपलब्धता, यातायात बहुत ही कम होने और इस लाइन को बंद करने की सुधार समिति की सिफारिश के कारण इन पुलों की मरम्मत न करने का विनिश्चय किया गया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।